प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। यह दिन हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। इस मौके पर प्रदेश में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बाडमेर और भीलवाडा में जिलास्तरीय समारोह आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा के जनजातीय समुदाय के लिए योगदान को याद किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संगठनों से जुडे लोग हिस्सा ले रहे है।

.............................................................................

आज गुरूनानक जयंती है। यह दिन प्रकाश पर्व के रूप में देशभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी छोटे–बड़े गुरूद्वारों में शबद कीर्तन और लंगर के आयोजन किये जा रहे है। आज सुबह जगह–जगह जत्थे, प्रभात फेरियां और कीर्तन करते नजर आये। भरतपुर के पाईबाग स्थित गुरुद्वारे में गुरूनानक देव जी का गुणगान किया जा रहा है। श्रीगंगानगर के गुरूद्वारों में अखंड साहब के पाठ का कीर्तन किया गया। इसके बाद विशेष दीवान सजाए गए। वहीं रात को आतिशबाजी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को गुरु नानक देव जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नानक देव जी की शिक्षाएं लोगों को करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगी।

.............................................................................

आज कार्तिक पूर्णिमा का पर्व प्रदेशभर में देव दीपावली के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर सभी पवित्र तीर्थ स्थलों पर स्नान और दीपदान सहित दानपुण्य किये जा रहे है। जयपुर के गलता तीर्थ पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। राजधानी जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु गलता स्नान के लिए पहुंच रहे है। बालोतरा में खेड़ के रणछोड़ राय तीर्थ पर अन्नकूट महोत्सव के साथ मेला भरा जा रहा है। बाड़मेर में धार्मिक अनुष्ठान और कार्तिक व्रत के उद्यापन किये जा रहे है। भीलवाडा जिले के त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालु भगवान शंकर के शिवलिंग पर अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। सीकर के कल्याण धाम में आज 11 हजार दीपकों की झांकी सजाई जायेगी।

.............................................................................

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आज जयपुर के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जा रही है। दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड कर रहे हैं। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान और संगठन पर्व पर चर्चा की जा रही है। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश टोली सदस्यता अभियान के प्रभारी, संभाग प्रभारी, जिला संयोजक, सभी जिलाध्यक्ष, मोर्चा और विभागों के संयोजक मौजूद हैं। बैठक के समापन सत्र में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन अग्रवाल भी शामिल होंगे।

.............................................................................

जयपुर में आज से तीन दिवसीय आयुर्वेद कुंभ "संयोजनम् 2024" आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जोरावर सिंह गेट पर आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस मौके पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, और एनसीएसएम के चेयरमैन जयंत देव पुजारी भी मौजूद रहे। इस कुंभ में देशभर से करीब 3 हजार आयुर्वेद शोधार्थी, चिकित्सक और शिक्षक भाग ले रहे है। कार्यक्रम में आयुर्वेद से जुड़े नवाचारों, स्टार्टअप्स और प्रकृति परीक्षण पर जानकारी दी जाएगी।

.............................................................................

पाली में दो अलग–अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मृत्यु हो गई। जिले के केनपुरा में कल देर रात एक सड़क हादसे में महाराष्ट्र के कोल्हापुर में रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब यह परिवार गाड़ी से जोधपुर घूमकर वापस लौट रहा था तभी केनपुरा के पास संतुलन बिगड़ने से कार पलट गई।
पाली में ही एक अन्य हादसे में हाइवे पर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार पिता–पुत्री को चपेट में ले लिया जिससे 65 वर्षीय पिता की मौके पर ही मौत हो गई। चूरू जिले के तारानगर के पास कार और मोटरसाईकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं जैसलमेर के रामगढ़ क्षेत्र में लोंगेवाला मार्ग पर कल शाम एक कार और बस की टक्कर में एक महिला की मृत्यु हो गई।

..........................................................................

पर्यटकों के लिए जयपुर स्थित आमेर महल में आज से हाथी सवारी की नई दरें लागू हो गई है। अब हाथी सवारी का किराया ढाई हजार रूपये से घटाकर डेढ हजार रूपये कर दिया गया है। किराया घटने से पर्यटकों में खुशी का माहोल है।

..........................................................................